**परीक्षा** प्रथम भाषा के पेपर के साथ 5वीं–8वीं की वार्षिक परीक्षा की शुरूआत

# 315 केंद्रों पर 65 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। जानकारी के अनुसार जिले के 63 जन शिक्षा केंद्रों के अंतर्गत 315 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले के 2485 शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों तथा डाइस कोड प्राप्त मदरसों के कुल 65,133 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें कक्षा 5वीं के 34,128 एवं कक्षा 8वीं के 31,005 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। शुक्रवार को पहले दिन प्रथम भाषा विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा दिवस पर ही जन शिक्षा केंद्रों से प्रश्नपत्रों का वितरण परीक्षा केंद्रों तक किया गया।

### अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी एवं बीएसी अजय रजक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरस्वती शिक्षा मंदिर विजयनगर, सेपियंट हाइट इंटरनेशनल स्कूल, एमडी बंगाली स्कूल तथा अंजुमन इस्लामिया स्कूल माढ़ोताल केंद्रों का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करते पाए गए।

### दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेष सुविधा

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय तथा लेखक की सुविधा प्रदान की गई, जिससे वे बिना किसी बाधा के परीक्षा दे सकें।

### बारहवीं में नहीं बना कोई नकल प्रकरण

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चल रही बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को बारहवीं कक्षा में एनएसक्यूएफ, शारीरिक शिक्षा विषय का पेपर आयोजित किया गया। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 64 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसमें 2624 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि 17 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। परीक्षा में कोई नकल प्रकरण नहीं बना है। इसके अलावा दसवीं कक्षा में तबला, गायन, चित्रकला, कम्पूटर आदि विषयों का पेपर हुआ। यह परीक्षा कुल 6 केंद्रों पर आयोजित हुई जिसमें सभी 92 विद्यार्थी शामिल हुए, इस परीक्षा में भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

## सिंधी कैंप में गुंडागर्दी, दो बहनों और पिता पर हमला

**नवभारत,जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी कैंप क्षेत्र में बीती रात शोर मचाने से मना करने पर बदमाशों ने उपद्रव मचाते हुए एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दो छात्राएं और उनके पिता घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हीरा पहलवान की बिल्डिंग के पास रहने वाली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर के पीछे स्थित खाली प्लॉट पर मोहल्ले के कुछ युवक अक्सर जमावड़ा लगाकर शोर-शराबा करते हैं। रात करीब 10:30 बजे मनीष चौधरी उर्फ गद्दू, उसका भाई मद्दू उर्फ वीर और उनका एक अन्य साथी वहां बैठकर हंगामा कर रहे थे। जब मुस्कान, उसकी छोटी बहन पायल और पिता दीपक अहिरवार उन्हें समझाने पहुंचे, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी घर से ईंट और लकड़ी का बल्ला निकाल लाए और हमला बोल दिया।

## आईटीआई माढ़ोताल में पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

▸ प्राचार्य की शिकायत पर वेंडर पर चोरी का प्रकरण दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ों को काटने और लकड़ियां चोरी करने का मामला सामने आया है। संस्थान के प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने नगर निगम के पंजीकृत वेंडर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक प्राचार्य अर्पित शुक्ला द्वारा ने शिकातय दर्ज कराई कि कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त के मौखिक आदेश पर आईटीआई परिसर के सौंदर्गीकरण, वृक्षारोपण और अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया था। इस कार्य के तहत पेड़ों की केवल छंटाई की जिम्मेदारी प्रशिक्षण अधिकारी सौरभ पोद्दार को सौंपी गई थी। पोद्दार ने यह कार्य नगर निगम के पंजीकृत वेंडर मोहम्मद अदनान को दिया था।

### बिना अनुमति काट दिए 10 प्राचीन वृक्ष

शिकायत में बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व जब प्राचार्य ने परिसर का निरीक्षण किया, तो वहां लगे प्राचीन और हरे-भरे कदम, इमली, बेर और शीशम के लगभग 8 से 10 वृक्ष गायब मिले। पूछने पर पता चला कि वेंडर मोहम्मद अदनान ने छंटाई के नाम पर पूरे के पूरे पेड़ ही जमीन से काट दिए।

### चोरी-छिपे ले गया था परिसर से लकड़ियां बाहर

प्राचार्य के मुताबिक वेंडर ने संस्था की अनुमति के बिना कीमती पेड़ों को काटा और चोरी-छिपे उनकी लकड़ियां परिसर से बाहर ले गया। पुलिस ने वेंडर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि काटी गई लकड़ियां कहां खपाई गई हैं और इसमें और किसी और की भी तो मिलीभगत नहीं है।

## मोबाइल से स्व-गणना हुई आसान : निगमायुक्त

▸ जनगणना प्रशिक्षण के समापन पर दिया गया शुद्धता और तकनीक' का मंत्र



**नवभारत,जबलपुर।** जनगणना 2027 के आगामी चरणों को लेकर आयोजित दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उपस्थित अधिकारियों, प्रगणकों और सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग और डेटा की शुद्धता पर विशेष जोर दिया।

निगमायुक्त ने कहा कि इस बार की जनगणना पहले के मुकाबले काफी सरल, सहज और आधुनिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'मोबाइल से स्व-गणना करना अब बहुत आसान है। उन्होंने बताया कि' तकनीक ने इस जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि मानवीय त्रुटियों की संभावना भी न्यूनतम हो जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान निगमायुक्त ने फील्ड स्टाफ के लिए कुछ प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उन्होंने स्व-गणना पर फोकस करने की बात कहते हुए कहा कि प्रगणक और सुपरवाइजर आम नागरिकों को मोबाइल के माध्यम से स्वयं की जानकारी दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे डेटा सीधा और सटीक सिस्टम में अपडेट होगा। निगमायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि जनगणना के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इसके लिए निगमायुक्त एवं प्रशिक्षकों ने जनगणना करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए जानकारियां दी। इस मौके पर संयुक्त निदेषक रामावतार पटेल और जिला प्रभारी मनोज नाथानी, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी सहायिकाओं की अनंतिम चयन सूची जारी

**नवभारत,जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास सेवा योजना शहरी क्रमांक-एक कस्तूरबा गांधी वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-64 तथा परियोजना क्रमांक-तीन शहरी द्वारा मदन महल वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-67, त्रिपुरी वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-89 एवं महाराणा प्रताप वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-88 में आंगनवाड़ी सहायिका एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की पूर्ति की प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थी की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। अनंतिम चयन सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर किया जा सकता है तथा सात दिन के भीतर इसी पोर्टल के माध?यम से अनंतिम चयन सूची पर दावा-आपत्ति भी दर्ज कराई जा सकती है।

## ऑनलाइन सेंटर प्रभारी और सदस्य में तू-तू, मैं-मैं

रादुविवि कार्यपरिषद बैठक में विद्यार्थी परिषद का हंगामा सदस्यों ने किया वॉकआउट



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की आयोजित बैठक में हंगामा और आंतरिक विवाद ने माहौल तनावपूर्ण बना दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा उठाए गए 19 सूत्रीय मांगों के समाधान नहीं होने के विरोध में छात्रों के प्रदर्शन के बीच कार्यपरिषद के कई सदस्य बैठक से वॉकआउट कर गए। इससे बैठक अपने निर्धारित एजेंडे पर आगे नहीं बढ़ सकी। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के ऑनलाइन सेंटर प्रभारी आर.के. गुप्ता और कार्यपरिषद सदस्य वेदप्रकाश तिवारी के बीच तीखी बहस हुई, जो 'तू-तू, मैं-मैं' तक पहुंच गई। एक अन्य विभाग की विभागाध्यक्ष ने भी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और अन्य सुविधाओं की अनुपलब्धता पर आपत्ति जताई। बैठक का माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि कई सदस्यों ने वॉकआउट किया। कुलगुरु ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन उनका आक्रोश शांत नहीं हुआ।

### डिग्री, मार्कशीट के लिए भटकना पड़ता है

विद्यार्थी परिषद का आरोप है कि विश्वविद्यालय में छात्रों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। डिग्री, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए छात्रों को बार-बार भटकना पड़ता है। परीक्षा आयोजन और परिणामों की घोषणा में अनावश्यक विलंब शैक्षणिक सत्र को प्रभावित कर रहे हैं। परिषद ने कहा कि प्रशासनिक समन्वय की कमी और निर्णय लेने में देरी विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रही है।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य माखन शर्मा, महानगर मंत्री आर्यन पुंज, प्रांत सह मंत्री अनमोल सोनकर, ऐश्वर्य सोनकर, शोभित मिश्रा, अक्षत ताम्रकार, भास्कर पटेल, प्रफुल तिवारी, दिव्यांक पचौरी, लखन मांझी, आशुतोष पटेल, आयुष बारी, कृष्ण ग्वालवंश, यश पटेल, आयुष पटेल, अंकित सिंह, पुष्कर शुक्ला, सोम यादव आदि उपस्थित रहे।

## समय सीमा में पूरे किए जाएं विकास कार्य : निगमायुक्त

▸ समीक्षा बैठक में दिए गए अधिकारियों को निर्देश



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की विकास व्यवस्था और जन-समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को निगम के सभी विभागीय प्रमुखों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सीएम हैल्पलाइन, स्वच्छता अभियान और वर्तमान में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली गई।

आयुक्त ने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि नागरिकों की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्वच्छता अभियान को लेकर आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इस दौरान निगमायुक्त ने मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों और वार्डों में भी सफाई का स्तर ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

## उच्च शिक्षा मंत्री परमार का आगमन आज

नवभारत,जबलपुर। प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार का शनिवार 21 फरवरी की सुबह भोपाल से इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री परमार यहॉ सुबह 10 .30 बजे मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर एक बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## पिता की मौत के बाद हड़पे सवा 5 लाख

हक मांगने पर छात्रा को धमकाया, प्रकरण दर्ज

**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में पिता की मौत के बाद सवा पांच लाख रूपए हड़पने वाले ने अब युवती को धमकाया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता नौसीन खान एक निजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। उसके दिवंगत पिता स्व. इकबाल खान के नाम से बैंक में मोटी राशि जमा थी। परिचित आसिफ खान ने हेराफेरी कर पिता के नाम पर जमा 5,58,000 रुपये अपने नाम करवा लिए और निकाल लिए। जब नौसीन को इसकी जानकारी हुई और उसने पैसे वापस मांगे, तो आसिफ ने एक एग्रीमेंट किया था। इस एग्रीमेंट के तहत उसे एफडी के पैसे और गाड़ी के 30,000 रुपये मिलाकर कुल 5,88,000 रुपये वापस करने थे, लेकिन लंबे समय बाद भी राशि नहीं लौटाई गई। जब नौसीन ने दोबारा अपने हक के पैसे मांगे, तो आरोपी आसिफ खान उर्फ सोनू और उसके चाचा अनवर उर्फ अन्नू भड़क गए। उन्होंने युवती के साथ सरेराह अभद्रता की। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि अब दोबारा पैसे मांगे, तो उसे जान से खत्म कर दिया जाएगा। घटना से डरी-सहमी पीड़िता ने अब आपबीती पुलिस को सुनाई और रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेसियों का फूटा आक्रोश

▸ कांग्रेस के सभी ब्लॉकों में पुतला दहन कर प्रदर्शन

भारत-अमेरिका ट्रेड डील व मजदूरी के कानून अधिकार पर प्रहार का भी किया विरोध



**नवभारत,जबलपुर।** भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में बदलाव कर मजदूरी के कानूनी अधिकार पर प्रहार के विरोध में और मध्यप्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों के इस्तीफे एवं बदजुबान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा नेता प्रतिपक्ष के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर (जिला)कांग्रेस कमेटी जबलपुर के द्वारा शुक्रवार को सभी ब्लॉकों में पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेसियों ने दमोहनाका चौक ,कमला नेहरू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चुंकी नाका दीनदयाल , कस्तूरबा गांधी ब्लॉक ब्लॉक अंतर्गत रानीताल चौक , इंदिरा गांधी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ,जवाहरलाल नेहरू, मदन महल, शंकर शाह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने दशमेर द्वार मदनमहल में, कैंट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पेंटी नाका चौक, रांझी खमरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दर्शन तिराहा, गोकलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अधारताल चौक , मोतीलाल नेहरू एवं राधाकृष्ण एवं जाकिर हुसैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रसल चौक में पुतला दहन किया। वहीं दमोहनाका चौक पर मौलाना अबुल कलाम आजाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांत जैन गोलू के संयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं अशोभनीय टिप्पणी करने वाले उनके मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ल,विजय शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शित किया गया।



### युवा कांग्रेस ने भी किया विरोध प्रदर्शन

मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर शहर युवा कांग्रेस ने दमोह नाका चौक पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और भानु यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद जतिन राज, विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह, सुशांत सिंह ठाकुर, अन्नू तिवारी, सौरभ यादव, जय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### मप्र आदिवासी विकास परिषद् ने फूंका पुतला

मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद् ने मालवीय चौक पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया । मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि म प्र सरकार के नगरीय एंव सामान्य प्रशासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष उमंग सिंघार पर अपशब्दो का प्रयोग करते हुए औकात की बात की है । ये एक आदिवासी का अपमान नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एटीएम में जालसाजी, ठग ने बुजुर्ग का कार्ड बदल कर उड़ाए 50 हजार

**नवभारत,जबलपुर।** मदन महल थाना क्षेत्र अंतर्गत एटीएम में एक बुजुर्ग व्यापारी जब अपने बैंक खाते में पैसे जमा करने एटीएम पहुंचे तभी एक अज्ञात जालसाज ने चालाकी से उनका कार्ड बदल दिया और महज दो मिनट के भीतर उनके खाते से 50 हजार रुपये पार कर दिए।

पुलिस के अनुसार उखरी रोड स्थित श्रद्धा कॉलोनी निवासी 64 वर्षीय सतीष अग्रवाल गौरी फैशन गैलरी संचालक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बलदेवबाग शाखा में एनका खाता है। मदन महल बस स्टैंड स्थित यूनियन बैंक के एटीएम में 15,900 रुपये जमा करने गए थे तभी उनके साथ ठगी हो गई।

### दो मिनट में खाली किया खाता

पैसे जमा करने की प्रक्रिया के दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद के बहाने या नजर बचाकर सतीष अग्रवाल का एटीएम कार्ड बदल दिया। कार्ड हाथ लगते ही जालसाज ने मात्र 2 मिनट में 10-10 हजार रुपये के पांच ट्रांजैक्शन कर कुल 50,000 रुपये निकाल लिए।

### जयपुर से जुड़ा है ठगी का तार

जब पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। ठगी की राशि जिस खाते में ट्रांसफर हुई या जहां से लिंक दिखी, वह खाता जावेद नामक व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि उक्त खाता जयपुर (राजस्थान) का है और वर्तमान में उसे फ्रीज कर दिया गया है।

### बिना ओटीपी खाते से उड़े 1.60 लाख

कैंट थाना अंतर्गत सदर निवासी युवक के खाते से 1 लाख 60 हजार रूपए ठग ने बिना ओटीपी मांगे उड़ा लिए। पुलिस के मुताबिक आशीष कुमार कनौजिया 39 वर्ष निवासी गली नम्बर 17 सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने नम्बवर 2025 में इंडसेंड बैंक शाखा तिलहरी में खाता खुलवाया था और अपने मोबाइल के माध्यम से खाता में निकलता एवं जमा करता था, मोबाइल का स्टेटमेंट चैक करने पर पता चला कि उसके खाता से 1 लाख 60 हजार रूपये अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुये हैं, उसके रूपये निकालने के संबंध में ओटीपी भी नहीं आया।

## दो संभागों के 13 करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई


**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान के दौरान संभाग क्रमांक 2 और 11 में बार-बार सूचना देने के बाद भी जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है वैसे 13 करदाताओं के विरूद्ध निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह एवं कुलदीप तिवारी के द्वारा टीम के साथ करदाताओं की सम्पत्ति की कुर्की की कार्रवाई की गयी। दोनो संभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन करदाताओं की क्रमश : संभाग क्रमांक 2 मदन महल वार्ड अंतर्गत करदाता पर बकाया राशि 82 हजार 8 सौ 27 रूपये होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी, वहीं रजनी गुलाटी भवन स्वामी पर 1 लाख 30 हजार 8 सौ 57 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई और साथ ही तालाबंदी के साथ नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के वार्ड क्रमांक 67 में भवन स्वामी पी .एस. आनंद पर ब्लॉक सी 511 शुभम रेसीडेन्सी पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक बी 310 शुभम रेसीडेन्सी पर 53 हजार 8 सौ 66, ब्लॉक सी 516 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 211 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक ए 105 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 513 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 518 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 514 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 517 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ललित यादव पर 34 हजार 7 सौ 15 रूपये, एवं ब्लॉक सी 316 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई कर नोटिस चस्पा किया गया। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक स्नेह शुक्ला, लक्ष्मण कोल आदि उपस्थित रहे।

## कपड़ा व्यापारी के सूने घर से डेढ़ लाख नकद समेत जेवरात चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत आयशा नगर में रहने वाले कपड़ा कारोबारी के यहां चोरों ने धावा बोलते हुए डेढ़ लाख रूपए नकद समेत जेवरात पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक शेख शाहवान मंसूरी 42 वर्ष निवासी आयशा नगर अधारताल ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कपड़े का व्यापार करता है। 11 फरवरी की शाम लगभग 4 बजे परिवार सहित अपने गांव कुड़ारी उमरिया गया था। जब वह परिवार सहित घर आयशानगर वापस आया तो देखा घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। इस दौरान चेक किया गया तो पता चला कि आलमारी में रखे नगदी 1 लाख 50 हजार रूपये , सोने का 1 हार, झुमकी, कंगन, मंगलसूत्र, मनचली, अंगूठी एवं चांदी की करधन, पायल, बिछिया नहीं थे।

**निरीक्षण** जेडीए में चल रहे विकास कार्यों, प्रोजेक्ट का सीईओ ने किया निरीक्षण

# शहर को शीघ्र मिलेगी एक और मेजर रोड की सौगात : सीईओ



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण की नवीन विकासाधीन योजना क्रमांक 64 एवं 65 में चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों तथा अन्य निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का जेडीए सीईओ दीपक वैद्य ने योजना कमांक 41 को नागपुर कटनी बाईपास की ओर जोड़ने वाली 48 मीटर चौड़ी एवं 2.50 कि.मी. लम्बा बहुप्रतीक्षित एस.आर.-3 मार्ग शीघ्र अतिशीघ्र आमजनों के आवागमन के लिये उपलब्ध होगा। आपने आगे बताया कि आवागमन की दृष्टि से यह मार्ग जबलपुर के लिये अत्यंत उपयोगी है। इस मार्ग से विजय नगर एवं यो.क.-41 होते हुये ए.आर.पी.-4 मार्ग की कनेक्टिविटी सीधे नागपुर कटनी बाईपास से हो जायेगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी से बचत होगी एवं ईंधन की बचत के साथ ही यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, इसके साथ ही पाटन बायपास के यातायात दबाव से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान जेडीए के कार्यपालन यंत्री संजय खरे, सहायक यंत्री राकेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेक्टर अनुसार कराये जायेंगे विकास कार्य

सीईओ द्वारा बताया गया कि यो.क. 64 एवं 65 लगभग 500 एकड़ में विकसित की जा रही है। इन योजनाओं को बनाने में पारम्परिक तरीकों से परे, महानगरों की तर्ज पर आधुनिक तकनीक के प्रयोग कराते हुये सेक्टरवाईज विकास कार्य कराये जायेंगे तथा लोगों की हर जरूरत जैसे चौड़ी सड़कें, फुटपाथ, साईकिल ट्रैक, वॉकिंग ट्रैक, खुले मैदान, पार्क, शैक्षणिक भूखण्ड, हेल्थ सेंटर, पुलिस स्टेशन, खेल मैदान, शॉपिंग काम्पलेक्स आदि सभी का समावेश किया गया है एवं भूमिगत सीवेज प्रणाली, नाली, जलप्रदाय, केबल एवं बिजली तारों के लिये यूटिलिटी डक्ट आदि प्रावधान भी रखे गये है। इन योजनाओं में आंतरिक विकास कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ हो जायेंगे।